<u>प्रेस नोट</u>

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 29.08.2023 को जनपद में अपराधियों के विरूद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः-

- थाना सट्टी पुलिस द्वारा अभियुक्त अंकित बाबू उर्फ जुगनू पुत्र गोतम बाबू कठेरिया उम्र करीब 22 वर्ष निवासी सलैमपुर थाना सट्टी कानपुर देहात के कब्जे से 18 अदद क्वार्टर नाजायज देशी शराब बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना शिवली पुलिस द्वारा अभियुक्त रामू पुत्र रामप्रसाद निवासी सौभन थाना शिवली कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना डेरापुर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त देशराज उर्फ पालजी पुत्र प्यारेलाल निवासी दुर्गापुर थाना शिवराजपुर कानपुर नगरको गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- जनपद मे शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 20 व्यक्तियों का चालान धारा 151 द0प्र0सं0 में किया गया। जिसमें थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना रूरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मूसानगर पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों, थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना देवराहट पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति का धारा 151 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत चालान किया।